# **भा.कृ.अनु.प.-भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान, खंडवा रोड, इन्दौर-452001**

**फ़ाइल् क्रमांक. प्रेस नोट/प्रेस व पब्लिससटी/2021/27** **सिनांक** 28.09.2021

**<u>प्रेस नोट</u>**

आजादी का **अमृत महोत्सव**

## भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान द्वारा दिनांक 28 सितम्बर 2021 ग्राम नीपानिया, तहसील इछावर, जिला सिहोर में प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन

भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान द्वारा दिनांक 28 सितम्बर 2021 ग्राम नीपानिया, तहसील इछावर, जिला सिहोर में प्रक्षेत्र फिल्ड एवं खेत दिवस एवं किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया । भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. नीता खाण्डेकर, संस्थान के वैज्ञानिक- डॉ. दुपारे, डॉ. पुनम कुचलान डॉ. नेहा पाण्डेय व कृषि विज्ञान केंद्र, सिहोर के वैज्ञानिकगण एवं आई.टी.सी. के श्री भूनेश ने भाग लिया । इस कार्यक्रम का आयोजन भा.सो.अनु.सं. द्वारा क्रियांवित परियोजना एस.सी.एस.पी. डी.बी.टी. के माध्यम से किया गया, जिसमें लगभग 200 किसानों ने भाग लिया । संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा एक से अधिक किस्मों की खेती करने की सलाह किसानों को दी । बीज की गुणवता बनाये रखने हेतु सावधानियाँ, बीज उपचार का महत्व डॉ. पूनम कुचलान ने बताया | पोषण आहार वर्ष के उपलक्ष्य में डॉ. नेहा पाण्डेय ने सोयाबीन को पौषटिक आहार के रूप में उपयोग करने के लिए बढावा देने का महत्व बताया है । कम लागत में अधिक उत्पादन कैसे प्राप्त करें, इस तकनीकी की जानकारी डॉ. नीता खाण्डेकर ने इस गाँव में प्रदान की । इस अवसर पर संस्थान से जुडे कुछ किसानों ने सक्सेस के बारे में भी बताया । इस अवसर पर प्रगतिशील किसानों ने इस संस्थान से विकसित तकनीकी के बारे में अपने अनुभव सुनाये । इस कार्यक्रम में फिल्ड विजिट भी किया गया, जिसमें अनुसूचित जाति के किसानों के खेतों में लगाये गए प्रदर्शन प्लॉट का अवलोकन किया तथा लाभार्थी किसानों ने संस्थान द्वारा किये जा रहे प्रयासों के लिए समाधान व्यक्त किया ।


आज़ादी का
अमृत महोत्सव


आज़ादी का
अमृत महोत्सव


दिवस


आज़ादी का
अमृत महोत्सव


श्री नरेन्द्र सिंह तोमर
दिवस